# श्री गोंदवलेकर महाराज श्रीराम मंदिर में गुड़ी पड़वा से रामनवमी महोत्सव का शुभारंभ

मंडलेश्वर/ साहिल कुरैशी । पवित्र नगरी मंडलेश्वर में स्थित अनेकों शिवालयों के बीच बना श्रीराम मंदिर नगर की पहचान है जिसके नाम से राम घाट नर्मदा तट है। जिन मंदिरों को लेकर मंडलेश्वर को पवित्र नगर घोषित किया गया है उनमें श्रीराम मंदिर भी शामिल है।





नगर के नर्मदा तट पर बना श्रीराम मंदिर 1932 में समर्थ गुरु ब्रम्ह चैतन्य गोंदवलेकर महाराज की प्रेरणा से श्री भीमराव उर्फ राजाराम विष्णु मोड़क द्वारा बनवाया गया है।मंदिर में गुड़ी पड़वा से 93 वाँ श्रीराम नवमी महोत्सव का शुभारंभ हुआ। शुभारंभ अवसर पर भगवान श्रीराम और उनके परिवार राम दरबार के लिए वस्त्र (पोषाक) रामभक्त शिक्षाविद् सेवा निवृत प्राचार्य बी के उपाध्याय एवं श्रीमती मनोरमा उपाध्याय द्वारा अर्पित की गई।इस अवसर पर भगवान का विशेष श्रृंगार किया गया और आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।इस अवसर पर बी के उपाध्याय ने कहा कि श्रीराम हमारे आराध्य है।

उनका यह मंदिर चेतना और ऊर्जा प्रदान करता है।जिस प्रकार समुद्र में स्थित लाइट हाउस जहाज को मार्ग से भटकने नहीं देता है उसी प्रकार मंदिर भी समाज के लिए एक प्रकाश का केंद्र है जिससे समाज पथ भ्रष्ट नहीं होता उससे प्रेरणा मिलती है ऊर्जा मिलती है।

### राम जन्म के साथ ही समाप्त होगा महा उत्सव

श्रीराम मंदिर में गुड़ी पड़वा से शुरू हुआ महा उत्सव राम नवमी पर श्रीराम जी के जन्म का उत्सव मनाने तक जारी रहेगा। इसके अंतर्गत प्रतिदिन काकड़ आरती प्रभात फेरी विष्णु सहस्त्रनाम और विद्वानों के प्रवचनों के साथ भजन मंडलियां भजन भी गाएगी।राम नवमी के दिन भंडारे का आयोजन भी होगा।

### नर्मदा तट पर 1932 में बना मंदिर वास्तुकला की सुंदर रचना

नगर का प्रसिद्ध श्रीराम मंदिर श्री गोंदवलेकर महाराज की प्रेरणा से श्री मोदक द्वारा 1932 में बनवाया गया था ।नर्मदा के उत्तर तट पर पूर्वाभिमुख यह मंदिर वास्तुकला का सुंदर उदाहरण है मंदिर के प्रवेश द्वारा पर बाईं ओर रामभक्त हनुमान जी की गढ़ी है राम मंदिर के प्रवेश द्वारा पर श्रीगणेश विराजित है। गर्भ गृह पत्थर का बना है जिस पर सुंदर कलाकारी नक्काशी की गई है। जहां प्रभु श्रीराम माता जानकी लक्ष्मण और हनुमान जी की सुंदर मनमोहक प्रतिमाएं विराजित है गर्भगृह के एक ओर मां सरस्वती तो दूसरी ओर महाकाली अपने रौद्र रूप में उकेरी गई है साथ ही महालक्ष्मी और मां नर्मदा की मूर्तियां भी स्थापित की गई है परिक्रमां द्वारा के ऊपर राधा कृष्ण की मूर्ति है। सभा मंडप में भगवान विष्णु के 10 अवतार की मूर्तियां लगी है ।इसके साथ ही प्रवेश द्वार के ऊपर अंदर की ओर छत्रपति शिवाजी महाराज घोड़े पर सवार होकर युद्ध भूमि में जाते हुए अंकित किए गए है। विष्णु भक्त प्रहलाद मां गंगा का अवतरण भगवान बुद्ध और कलकी अवतार के साथ ही चार कोनो पर उड़ती हुए परी और उनके ऊपर वानरों की मूर्तियां है।

## एफएलएन मेले का आयोजन



### अतिथियों द्वारा बच्चों को प्रोत्साहित किया एफएलएन गतिविधियों को सराहा

झाबुआ। विगत एक दिन पूर्व दिनांक 29 को एफएलएन मेले का द्वितीय चरण पीएम श्री शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रातीतलाई में कलेक्टर नेहा मीणा व मुख्यकार्य पालन अधिकारी जिला पंचायत झाबुआ चौहान के निदेशन मे तथा प्राचार्य सह सहायक संचालक रविंद्रसिंह सिसोदिया के मार्गदर्शन मे किया गया।

मेले का शुभारंभ दीप प्रज्लित कर मां सरस्वती का पूजन एवं माल्यार्पण वारिष्ठ मनोज खाबिया, श्रीमती नम्रता यादव द्वारा किया गया, सरस्वती वंदना हरिप्रिया निगम द्वारा गया गया, एफएलएन मेला की समस्त व्यवस्था एवं साज सजा तथा राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के द्वारा दी गई गतिविधियों को व्यवस्थित व सुचारु मंजूशाला तिर्की, प्रीति त्रिवेदी, सीताराम डामोर व राजेंद्र परमार ने किया।

इस अवसर पर भोपाल प्रयास से नरेंद्र यादव, खंड स्त्रोत समन्वयक शरद गुप्ता, जनशिक्षक ब्रजकिशोरसिंह सिकरवार, जुल्फीकार अली सैयद,मास्टर ट्रैनर दीपसिंह सिंगार द्वारा बच्चों के द्वारा की गई गतिविधियों एफएलएन का निरीक्षण किया गया। समस्त पालको का स्वागत फूल माला से किया गया, कक्षा पहली व दूसरी के छात्रों का एफएलएन कार्ड से आकलन पालको के समक्ष 6 स्टॉल बनाकर किया गया व कार्ड दिया गया, साथ ही कक्षा 3 से 8 तक के छात्रों का परीक्षा परिणाम भी घोषित किया गया, साथ ही संकुल के समस्त संस्थाओ मे भी एफएलएन मेला का आयोजन किया गया एवं लिंक के द्वारा प्रगति भरा गया, संकुल के अंतर्गत आने वाली समस्त संस्था को बताया गया की 1अप्रैल को प्रवेश उत्सव मनाया जायेगा एवं पतिदिन प्रातः 10.30 बजे से 4.30 तक कक्षा का संचालित किया जावेगा। इस अवसर संस्था के ॠतुराज राठौर, मुकेश जोशी, राकेश मावी, कल्पना चौधरी, किरण सिंह, उज्ज्वला त्रिवेदी, दीपक त्रिवेदी सीता राम डामोर, हरीश पंवार, बबिता भुरिया,दीवान सिंह बामनिया, सोनू, एवं अभिभावक उपस्थित थे। सभी अतिथियों द्वारा बच्चों को प्रोत्साहित किया गया और एफएलएन गतिविधियों को देखा गया। जिसका संचालन श्रीमती रचना चंदेल द्वारा किया गया। आभार राजेंद्र परमार द्वारा किया गया।

## जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ



अलीराजपुर। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार एवं जिला कलेक्टर डॉ. अभय अरविंद बेडेकर के मार्गदर्शन में, जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ आज, 30 मार्च 2025 को चैत्र वर्ष प्रतिपदा नववर्ष के शुभ अवसर पर किया गया। यह अभियान 30 मार्च से 30 जून 2025 तक चलेगा, जिसका उद्देश्य प्रदेश में जल स्रोतों का संरक्षण और संवर्धन करना है।

विकासखंड जोबट की ग्राम पंचायत वांझाबायडा में, श्रमदान के माध्यम से चेक डैम की सफाई की गई एवं जमी हुई गाद को हटाकर जल संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किए गए। साथ ही, स्वच्छता अभियान के तहत परिसर की सफाई भी की गई, जिससे जल स्रोतों की स्वच्छता सुनिश्चित हो सके। निकटवर्ती ग्राम उंडारी में, 55 बोरियों का उपयोग करके एक बोरी बांध का निर्माण श्रमदान द्वारा किया गया। विकासखंड भाबरा के ग्राम करेती में, पटेल फलिया तालाब की सफाई की गई। इसी प्रकार, विकासखंड कट्ठीवाड़ा के ग्राम नानीबार में स्थित चार्टलेश्वर महादेव मंदिर के पास सुंदरा नदी की सफाई की गई। विकासखंड उदयगढ़ में, ग्राम पंचायत कानाकाकड़ के ग्राम अकोली में श्रमदान के माध्यम से अकोली माता मंदिर के कुंड की सफाई की गई एवं जमा हुई गाद निकाली गई। विकासखंड सोंडवा में, अनखड़ नदी के पास सफाई की गई, जिसमें सभी ग्रामवासियों को पानी की बूंद-बूंद बचाने का संकल्प दिलाया गया। इस अभियान में नवांकुर संस्था, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति, सीएमसीएलडीपी, छात्र-छात्राएं, परामर्शदाता, स्वैच्छिक धार्मिक सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक संगठन ग्रामीणजन एवं विकासखंड समन्वयक सहित अनेक जागरूक नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और जल संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रकट की। यह जानकारी श्री दीपक जगताप जिला समन्वयक मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, जिला अलीराजपुर द्वारा दी गई।

## जल गंगा संवर्धन अभियान का विधायक श्री पाटीदार ने किया शुभारंभ

खरगोन। जल ही जीवन है, इसके बिना जीवन संभव नहीं है। जल का जीवन में जबरदस्त महत्व है इसके बगैर जीवन में कुछ भी संभव नहीं है। जल स्रोतों के संरक्षण और स्वच्छ बनाए रखने में सरकार के साथ ही आम जन का सहयोग भी बहुत जरूरी है। यह बातें विधायक श्री बालकृष्ण पाटीदार ने 30 मार्च को खरगोन में जल गंगा संवर्धन अभियान के शुभारंभ अवसर पर अपने संबोधन में कही। खरगोन में कुंदा नदी के किनारे गणेश मंदिर के पास जल गंगा संवर्धन अभियान के शुभारंभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती छाया जोशी, उपाध्यक्ष श्री भोलू कर्मा, एसडीएम श्री बी एस कलेश, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री एम आर निगवाल, नगर पालिका के पार्षद, पत्रकार एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित थे।

## नप पेटलावद ने नववर्ष पर मंत्रोच्चार के साथ फहराई ध्वजा

पेटलावद। नववर्ष की शुभ बेला पर शासन निर्देशानुसार नववर्ष गुड़ीपड़वा विक्रम संवत 2082रविवार दिनांक 30 मार्च 2025 को नगर के भगवान शिव के मंदिर पर मंत्रोच्चार के साथ ब्रह्म ध्वज फहराया गया। तथा नववर्ष के उपलक्ष्य पर आयोजित कार्यक्रम में पधारे सभी श्रद्धालुओं को गुड-धनिया एवं नीम की पत्तियों का प्रसादी के स्वरूप वितरण किया गया।



नववर्ष की मंगलमय कामनाओ के साथ आयोजित किया गया उक्त आयोजन जिसमे प्रातःवार्ड क्रमांक 01 नीलकंठेश्वर शिव मन्दिर में प्रारंभ होकर शिव मंदिर में धर्म ध्वजा का फहराने का आयोजन किया गया वैदिक मंत्रोच्चार के साथ ब्रह्म ध्वजा का पूजन कर मंदिर पर ध्वज पताखा फहराई गई।

इस मौके पर नगर के नागरिक बंधु, पार्षद गण, जनप्रतिनिधि गण, नगर परिषद पेटलावद की अध्यक्ष ललिता योगेश गामड़, पार्षद मुकेश परमार, हेमंत भट्ट, अनिल मुलेवा, मनोज जानी, योगेश गामड़ पार्षद प्रतिनिधि शिवा राठौड़ अनुविभागीय अधिकारी तनुश्री मीणा, जनपद सीईओ राजेश दीक्षित, मुकेश पड़ियार, आशा भण्डारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद पेटलावद, सब इंजीनियर दीपक वास्केल, बद्री लाल सेप्टा, मुकेश सोलंकी, अनिल मोरवाल, शुभम देवड़ा, विनय भाभर सहित अनेक गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि उपस्थित थे ।

इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी तनुश्री मीणा, हेमंत भट्ट ने संबोधित किया। आभार वार्ड एक के पार्षद मुकेश परमार ने माना।

## मां नर्मदा तरुण व्यवसायी शाखा



खलघाट। शाखा वार्षिक उत्सव व हिंदू नव वर्ष शाखा पर मनाया गया। सर्वप्रथम सभी स्वयंसेवकों द्वारा आध्य सरसंघचालक प्रणाम कर भारत माता, डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार व सदाशिव गोलवलकर गुरुजी के चित्रों पर पुष्प अर्पण किये गए। तत्पश्चात शाखा का वार्षिक उत्सव जो स्वयंसेवकों द्वारा वर्ष भर जो शाखा पर सीखा जाता है उसका समाज के सामने प्रगटीकरण स्वयंसेवकों द्वारा योग, आसन, दंड का प्रदर्शन किया। तत्पश्चात शाखा कर्यवाह प्रवीण राने व वक्ता राकेश चौधरी (धामनोद खंड कार्यवाह) द्वारा शुभकामनाएं व खंड कार्यवाही द्वारा बौद्धिक दिया जिसमें उन्होंने बताया की हिंदू नव वर्ष प्रकृति में नव परिवर्तन होता है इस समय फैसले कटती हैं किसानों व उनके परिवारों में उत्साह का संचार होता है उन्होंने डॉक्टर केशव बलिराम जी हेडगेवार के बाल्यकाल का एक प्रसंग स्वयंसेवकों को बताया ।

## बैंड-बाजो के साथ निकाला बाना



बड़वाह। श्री गौड मालवीय स्वर्णकार समाज बड़वाह की महिलाओं ने रविवार शाम 5 भाव शिव-गौरा की आराधना की। एमजी रोड स्थित आनंदेश्वर महादेव मंदिर में इकट्ठा हुई। बैंड-बाजो के साथ बाना निकाला। दूल्हा बरखा सोनू सोनी व दुल्हन कीर्ति महेश सोनी बनीं। बाना एमजी रोड झंडा चौक गोल बिल्डिंग सराफा बाजार जवाहर मार्ग होते हुए गणगौर घाट पहुंचा ।यहा झालरिया गीतों से धणियर राजा व रणुबाई की स्तुति की ।आयोजन मे समाज अध्यक्ष रोहित सोनी विजय सोनी राधेश्याम सोनी मुकेश सोनी कैलाश सोनी कपिल सोनी नीलेश सोनी निशांत सोनी के द्वारा जगह जगह मंच लगाकर पेयजल कोलड्रिंक श्रीखंड पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया ।इस मौके पर पार्षद ज्योति सोनी शिखा सोनी प्रीति सोनी सोनाली सोनी दिपाली सोनी अंकिता सोनी नेहा सोनी आदि मौजूद रहीं। सुहागिनो का पर्व, सज धज कर शामिल हुई महिलाएं पार्षद ज्योति विजय सोनी ने बताया नई पीढ़ी को परम्परा व संस्कृति से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजन किया गया। गणगौर विवाहित महिलाओं के लिए है तो महिलाएं सज-धजकर शामिल हुई। फूलपाती खेली गई।

## जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरुआत पंपावती नदी से

### नप पेटलावद की पहल, अध्यक्ष ललिता ने की शुरुआत

पेटलावद। नगर परिषद पेटलावद द्वारा पंपावती नदी पेटलावद से शुरुआत की जल संवर्धन अभियान की,शासन के निर्देशानुसार जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान योजना का शुभारंभ नगर परिषद पेटलावद के द्वारा नगर की पंपावती नदी से आयोजित किया गया।



जनभागीदारी के तहत आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ नगर परिषद अध्यक्ष ललिता योगेश गामड़ एवं नगर परिषद, पार्षदगण मुकेश परमार, पार्षद प्रतिनिधि शिवा राठौड़ मनोज जानी, जनप्रतिनिधि गण, सामाजिक संगठन के पदाधिकारी कार्यकर्ता बंधु एवं गणमान्य नागरिक गण एवं निकाय के कर्मचारीयो की उपस्थिति में दिनांक 30 मार्च 25 को गुड़ीपड़वा के शुभ अवसर पर नगर परिषद पेटलावद के द्वारा नगर की पंपावती नदी पर जल गंगा संवर्धन एवं स्वच्छता अभियान में सहयोग कर श्रम दान किया।

नगर परिषद पेटलावद की मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशा जितेन्द्र भण्डारी ने बताया की शासन निर्देशानुसार गुड़ीपड़वा नव वर्ष 30 मार्च से 30 जून 25 तक नगर परिषद के द्वारा विभिन्न चरणों में जल संवर्धन ,संरक्षण, एव स्वच्छता के लिए अभियान चलाया जाएगा ।इसी क्रम मे आज पंपावती नदी पर से अभियान की शुरुआत की गई है ।

## पीजी कॉलेज में सूर्य उपासना कार्यक्रम का हुआ आयोजन

### भोपाल के कलाकारों ने सम्राट विक्रमादित्य की नाटक का मंचन किया

खरगोन। गुड़ी पड़वा, सृष्टि आरंभ दिवस, वर्ष प्रतिपदा एवं विक्रय संवत 2082 के शुभारंभ अवसर पर संस्कृति विभाग मध्यप्रदेश शासन के तत्वाधान में जिला प्रशासन के सहयोग से 30 मार्च 2025 को पीजी कॉलेज खरगोन के ऑडिटोरियम हॉल में सूर्य उपासना कार्यक्रम का आयोजन किया गया।





इस अवसर पर अविराम जलकल्याण संस्था भोपाल के कलाकारों द्वारा सम्राट विक्रमादित्य पर नाटक का मंचन किया।

इस कार्यक्रम में विधायक श्री बालकृष्ण पाटीदार, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती छाया जोशी, उपाध्यक्ष श्री भोलू कर्मा, एसडीएम श्री बीएस कलेश, पीजी कॉलेज की प्राचार्य डॉ. शैल जोशी, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री पवन शाह, मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री एमआर निंगवाल, श्री नीरज अमझेरे, नगरपालिका के पार्षद, पत्रकार एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

विधायक श्री पाटीदार ने कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूहों को गुड़ी पड़वा पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सम्राट विक्रमादित्य द्वारा ईसा पूर्व 57 में विक्रम संवत प्रारंभ किया गया था। आज इसी विक्रम संवत के नव वर्ष 2082 का पहला दिन है। विधायक श्री पाटीदार ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य एक युग पुरूष थे और उनका पूरी दुनिया में वैभव था। उनकी शासन व्यवस्था उत्कृष्ट थी। सम्राट विक्रमादित्य की कार्यप्रणाली एवं शासन व्यवस्था से जनसामान्य को अवगत कराने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा सूर्य उपासना कार्यक्रम का शासकीय रूप से आयोजन करने का निर्णय लिया गया है। यह एक सराहनीय कदम है। इससे आमजन को सम्राट विक्रमादित्य के बारे में जानने-समझने का अवसर मिलेगा।

कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों द्वारा भोपाल से पधारे अविराम जनकल्याण संस्था के कलाकारों का स्वागत किया गया। इन कलाकारों द्वारा सम्राट विक्रमादित्य पर आधारित नाट का मंचन किया गया। जिसकी सभी ने सराहना की।

## आयोलाल चओ झूलेलाल ... के जयघोष के साथ सिंधी समाज ने मनाया चेटीचंड पर्व



झाबुआ। सिंधी समाज द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी अपने इष्टदेव भगवान श्री झूलेलाल का जन्मोत्सव (चेटीचंड पर्व) धूमधाम से एवं हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। जिसमें प्रातः काल प्रभात फेरी निकाली गई, जिसमें महिलाओं द्वारा गरबा नृत्य किया गया। दोपहर में कॉलेज मार्ग स्थित गायत्री शक्तिपीठ पर मातृ-शक्तियों ने भजन-कीर्तन पश्चात् भगवान श्री झूलेलाल की आरती उतारी। जानकारी देते हुए आयोजक श्रीमती गायत्री अशोक सावलानी ने बताया कि प्रातःकाल 6 बजे न्यू टीचर्स कॉलोनी स्थित उनके निवास से समाज के महिला-पुरुष, युवा एवं बच्चों द्वारा उत्साहपूर्वक दो पहिया वाहन रैली निकाली गई। जिसमें समाजजनों द्वारा भगवान के ध्वज के साथ लाल दुपट्टा पहनकर आयोलाल चओ झूलेलाल के जयघोष लगाए गए। दो पहिया वाहन रैली शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए दत्त कॉलोनी में सुभाष गिधवानी के निवास, गोपाल कॉलोनी में श्याम सावलानी एवं गादिया कॉलोनी में किशोर चावला के निवास पर युवतियों द्वारा उत्साहपूर्वक गरबा रास किया गया। उक्त परिवारजनों द्वारा सभी को फलाहार का प्रसाद वितरित किया गया। प्रभात फेरी का समापन पुनः अशोक सावलानी के निवास स्थान पर हुआ। झूलेलालजी को लगाया भोग - दोपहर 12 बजे से गायत्री शक्तिपीठ कॉलेज मार्ग पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ।